(4) Spreading rumours to widen the communal cleavage and giving to any incident or movement a communal colour."

These are the general recommendations. All these recommendations are irrelevant to them.

Aligarh provides a singular example. If we go into certain statements made by some of the responsible persons regarding Aligarh, the position will be very clear. I quote below the statement of one person:

"From all accounts, it is clear that it was an organised force under the leadership of RSS actively aided and abetted by the local police and the Provincial Armed Constabulary, that was responsible for the bloody programme of Aligarh..... The close liaison between the City Magistrate and the PAC Commanding Officer on the one side, and RSS elements on the other could be clearly seen by everybody."

So, it is clear. Now, I do not want to go into that in detail. But the one point I want to emphasise is that on an earlier occasion the RSS involvement in the communal riots was identified by many Committees and Commissions of Inquiry. But the situation has become all the more worse today. In the past RSS was not a part of the Government. Now, the RSS believing in the particular theory and ideology of establishing Hindu Raj, have not only extended their area of operation but they have also extended the area of operation into the seat of power. They are not only in the seat of power at the Centre, but they are in the seat of power in the States also. This is a new element which cannot but create a sense of fear and insecurity among the minorities. It is for the Government and the Janata Party to make it clear that this new development would not have a grip over power or maintain a stranglehold over power, and the life and property of the minorities would be as secure as the Constitutions guarantees.

I have got some words for the Janata Party men. I want to quote just what Mr. Madhu Limaya said. There are radical elements in the Janata Party. There are some people in the Janata Party who want to fight the monster of communalism and they have their faith in secularism and nationalism free from communalism and chauvinism.

Mr. Madhu Limaye said.

"My complaint with the RSS is first, its organisational principles are inimical to the concept of pluralist democracy. Secondly, the ideology of Hindu Raj is alien to secular democracy which is part of the Janata Party creed."

Therefore, I hope the Janata Party would adhere to the....

श्री बनीराम बाबड़ी (मथुरा) : प्वाइंट आफ इंफार्मेशन । आर एस एस कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है, फिर आप उसको गवर्नमेंट का हिस्सेदार कैसे कहते हैं ?

SHRI CHITTA BASU: That he says. Therefore, I think the Janata Party members, those who are really against the forces of communalism, should rise equal to the occasion and should really create an atmosphere wherein the

[Shri Chitta Basu]

communal forces do not get an upperhand in their party.

My last point is that there is a circular still in vogue in the country. Muslims can be recruited in the P.A.C. If it is a fact, I think Government should come out with a statement. Therefore, I want the Home Minister to make a statement clarifying the position as to the representation of the minority comunity in Government services, in the police, in the army and in other parts of the administartion.

I have some suggestions to make.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Sorry, you should have made the suggestions first. I am calling the next speaker.

श्री राम प्रसाद देशमुख (हाथरस) : आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, मुझे आप ने समय दिया, इसके लिए आप को धन्यवाद देता हूं । कल से मैं यहां पर तरह-तरह के भाषण सुन रहा हूं, उन सब को सुन कर मैं यही कह सकता हूं—जैसे कोई बरसात में गया, तो उस ने बरसात की बात की, कोई हरियाली में गया, उसने हरियाली की बात की, किसी ने अखबारों की बात की, लेकिन यह कोई भी नहीं बतला पाया कि मसला क्या है, अलीगढ़ में ये कम्यूनल रायट्स क्यों हुए ? वहां पर कम्यूनल राइट्स नहीं थे, बल्कि कुछ गुण्डों की लड़ाई थी जिसे दूसरे लोगों ने उकसाने की कोशिश की । मैं यह बात दावे से कह सकता हूं कि जितने लोग यहां से गये, उन की वजह से फिजा बिगड़ी. उन्होंने आग में ज्यादा घी डालने की कोशिश की, बजाय इस के कि वे उन को बुला कर पूछते कि आखिर मसला क्या है, किस वजह से शान्ति नहीं हो पा रही है ।

असल में यह झगड़ा दो पहलवानों के बीच था, जिन में एक हिन्दू था और दूसरा मुसलमान । इस में "हिन्दू केसरी" बनाने और इनाम की बात थी—यही बात उस झगड़े की जड़ थी । यह मुकाबला सितम्बर में हुआ था । उस के एक महीने बाद यानी 5 अक्तूबर, को यह लड़ाई होती है । 3 अक्तूबर को भूरे को स्टैब किया जाता है और 5 अक्तूबर को वह अस्पताल में मर जाता है । चार-चार आफिसर्ज वहां पर डिप्यूटेड थे, उन्होंने उस की लाश को नहीं रोका और लोग उस की लाश को लेकर दूसरे इलाके में चले गये, नारे वगैरह लगाये गये और उस के बाद में सब बातें हुई ।

वहां का प्रशासन बराबर यह बात कहता था कि गुण्डों को पकड़ो । मानिक चौक, जहां पर यह झगड़ा हुआ, वहां पर एक गरीब लोगों की कम्यूनिटी थी, जिस पर दूसरी तरफ से अटैक हुआ, लड़ाई हुई, जलाया गया, मारा गया, सारा झगड़ा वहां से पैदा होता है । किसी ने उन को नहीं पकड़ा । एक तरह से वहां पर दो मिनिस्टरों का झगड़ा था । दोनों मिनिस्टरों के झगड़े ने अधिकारियों का इतना डीमोरलाइज कर दिया कि कोई भी उन पर हाथ नहीं रख पाया । जिन को पकड़ा जाता था, दूसरे छुड़ाने की कोशिश करते थे । मैं यहां आ कर प्राइम मिनिस्टर साहब से मिला, चीफ़-मिनिस्टर साहब से मिला और कहा कि गुण्डों को पकड़िये, वरना यह झगड़ा और ज्यादा बढ़ जायेगा ।

वहां पर एक टण्डन जी कमिश्नर थे, वहां पर वह बराबर बैठे रहे, लेकिन उन्होंने कोई रिपोर्ट सरकार को नहीं दी । कलैक्टर बराबर यह कहता रहा कि इस तरह से नहीं चलेगा, आप गवर्नमेंट को लिखिये या मुझे लिखने दीजिए, लेकिन वह लिखने नहीं देना चाहते थे, क्योंकि उन के विभाग में कुछ और बात थी । एक शेड्यूल्ड कास्ट के डी० एम० की क्या जुर्रत थी, जो टण्डन के सामने कुछ कहे और टण्डन भी वह टण्डन जो कभी इन्दिरा जी के यहां रहे थे । वह चाहते थे कि झगड़ा होना चाहिए, क्योंकि ममस्तीपुर का इलैक्शन होने वाला था, उस का एडवांटेज वह लेना चाहते थे, इसी लिए किसी ने उस डी० एम० की बात को नहीं सुना । ... (व्यवधान) ..

यह जो झगड़ा होता है—कोई भी उन जिम्मेदार अधिकारियों को हटाने की कोशिश नहीं करता है । जब कि प्राइम मिनिस्टर लिख रहे हैं, चीफ़ मिनिस्टर कह रहे हैं, लेकिन हिम्मत नहीं पड़ती है कि उस को हटा दें । कलैक्टर बराबर यह कह रहा है कि उन को हटाइये, वरना झगड़ा हो जायेगा । आखिर कलैक्टर ने मजबूर हो कर चीफ़ मिनिस्टर को अपनी रिपोर्ट भेजी । मैं चाहता हूं कि उस रिपोर्ट को मंगा कर देखा जाये, आखिर यह झगड़ा क्या था । उस डी० एम० की हर आदमी तारीफ़ करता है, उस ने हमेशा प्राम्प्ट एक्शन लिया, लेकिन ऊपर के लोगों को इस बात की जलन थी । वह झगड़ा भी कब होता है—जब कलैक्टर वहां पर नहीं था, वह लड़की की शादी में गया था । दो मुसलमानों का झगड़ा कह कर गोलियां चलाई गई । मेरे पास यह ता० 7 का "अमर उजाला" है — सात तारीख को वह कहते हैं कि मैं रिपोर्ट दूंगा लेकिन उनको रिपोर्ट देने नहीं दी जाती है । जब कि कमिशन बैठा हुआ है तो वह कहते हैं कि मुझे मालूम नहीं है । कमिशन की रिपोर्ट आ गई है अब देखना यह है कि आप उसकी रिपोर्ट पर उसके खिलाफ क्या एक्शन लेते हैं । छः तारीख को कर्फ्यू लगा होता है । सात तारीख की रात भर गोली चलती है । कलैक्टर कहता है कि हम को कर्फ्यू नहीं खोलना चाहिए लेकिन उसकी बात को अनसुना कर दिया जाता है और कर्फ्यू में ढील दे दी जाती है । एस० पी० नहीं चाहता है कलैक्टर नहीं चाहता है लेकिन उसके ऊपर कमिश्नर श्री टंडन उस में ढील दे देते हैं । इस तरह से यह सिद्ध करते हैं । अमर उजाला की आठ तारीख का है, उस में

इस के बारे में छपा भी है। सात तारीख को उन्होंने यह कहा था :

> आगरा मंडल के आयुक्त श्री बी० एन० टंडन ने आज रात 'अमर उजाला' से कहा कि स्थिति पूर्ण रूप से काबू में है और वह आशा करते हैं कि कल कर्फ्यू में काफी ढील देना सम्भव हो सकेगा।

सात तारीख को यह स्टेटमेंट वह देते हैं। आठ तारीख के अखबार में उनका यह स्टेटमेंट निकलता है। लेकिन दूसरी तरफ यह भी इसी अखबार में निकलता है :

> गृह सचिव श्री श्याम सिंह बिसेन, पी० ए० सी० के महानिरीक्षक श्री महेन्द्र सिंह, आगरा परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री तुषारदत्त यहां आ गए हैं और प्रशासन का मार्ग निर्देशन कर रहे हैं।

मैं पूछना चाहता हूं कि इस मार्ग निर्देश की क्या जरूरत थी। यह सारी टंडन की बदमाशी है। उनकी बदमाशी की वजह से यह सब कुछ हुआ है। समस्तीपुर और फतहपुर में चुनाव होने वाले थे। वह चाहते थे कि दंगा हो और कांग्रेस के लोगों को फायदा पहुंचे। यहां से लोगों को समस्तीपुर ले जाया गया, अलीगढ़ के मुसलमानों को ले जाया गया और प्रचार करवाया गया। यह सब इसका सबूत है कि छः तारीख को अछूतों की झोंपड़ियों में आग लगाई गई, कोलियों में आग लगाई गई। इंदिरा जी चली गई हैं, मैं उन से पूछना चाहता था एक सवाल। उनके शासन काल में जब कभी झगड़ा होता था तो वह अमरीका वालों को हमेशा इसके लिए दोषी ठहराती थीं। जब कभी उन से इसका प्रमाण देने के लिए कहा जाता था तो वह कहा करती थीं कि प्रमाण मुझ से क्यों मांगते हैं, उन से मांगें जो गड़बड़ करते हैं। आज मैं उन से पूछता कि अब जब गड़बड़ हुई है तो इसका प्रमाण क्या वह नहीं देंगी ? मैं कहना चाहता हूं कि यह जो गड़बड़ी हुई है यह एक साजिश की वजह से हुई है।

पी० ए० सी० ने जो मुसलमानों को मारा इस को जस्टिफाई करने के लिए हरिजनों की कोलियों में वहां पर आग लगाई गई। बिना इस के जस्टिफिकेशन नहीं हो सकता था। वहां पर सात तारीख को दो सौ मुसलमानों को पकड़ ले गए और वह कहा गया कि उनके यहां से असला वगैरह बरामद हुआ है जब कि कुछ नहीं मिला था। शाम को कोतवाली में सौ आदमी पहुंच गई और तब उनको छोड़ा गया।

मार्टनोरिटी कमिशन की रिपोर्ट भी आ गई है। उसने इसम दोष भी टंडन पर लगाया है। उनको उसने इस चीज के लिए दोषी ठहराया है।

श्री मती राम दुलारी : बार बार यह आरोप लगाया गया है कि टंडन कांग्रेसी है। आज तो आपकी हकुमत है, फिर टंडन को आप क्यों प्रोटेक्शन दे रहे हैं ? एक तरफ उनको कांग्रेसी कह रहे हैं और दूसरी तरफ उसको प्रोटेक्शन दे रहे हैं।

श्री राम प्रसाद देशमुख : मार्टनोरिटी कमिशन का कहना है कि सारी गड़बड़ी टंडन की वजह से हुई। मैं चाहता हूं कि इसको आप देखें।

मैं कहना चाहता हूं कि यह गुंडों के झगड़े से चीज शुरू हुई। भूरा एक गुंडा था। उसको मारा गया, उसके बाद यह सब झगड़ा शुरू हुआ। कलैक्टर रिपोर्ट देने के लिए कहते रहे लेकिन उनको रिपोर्ट नहीं देने दी गई। जान बूझ कर अलीगढ़ में अब भी टेंशन चलाई जा रही है। डी० एम० ने जब कहा कि वह यह करना चाहते हैं तो उनको नहीं करने दिया गया। टंडन ने कहा कि चमार का बेटा क्या जाने प्रशासन की बात को। मैं जानना चाहता हूं कि क्या अधिकार श्री टंडन को प्राप्त था कलैक्टर को इस तरह की बात कहने का ? मैं कहना चाहता हूं कि आप टंडन को बुला कर पूछें। अगर उन्होंने ऐसा कहा है तो चमार का जूता उसके सिर पर होगा। वहां पर इस बात को ले कर अछूतों में बड़ा टेंशन है। उसने इस तरह की बात क्यों कही, इसको ले कर—बड़ा रोष और क्रोध है। वे इसका बदला ले कर छोड़ेंगे। कमिशन की रिपोर्ट भी आ गई है। लेकिन फिर भी उनको हटाया नहीं जा रहा है, जानबूझ कर उनको वहां रखा जा रहा है। वह वहां पर टैंशन पैदा कर रहे हैं। वह इस काबिल नहीं हैं कि उनको वहां रखा जाए। यहां से उनको निकाला गया तो यहां के अधिकारी इस बात से खुश हुए क्योंकि वह अधिकारियों पर हावी रहे हैं इंदिरा जी की वजह से। यहां वाली सभी बातें उन्होंने वहां जा कर की हैं। मैं चाहता हूं कि कानून को आप देखें और उनके खिलाफ कार्रवाई करें और उनके खिलाफ मुकदमा चलायें। किसी भी समाज के किसी आदमी को इस तरह से चमार कहना और यह कहना कि चमार का बेटा प्रशासन करना क्या जाने कहां तक उचित हो सकता है ? किसी भी अधिकारी को किसी दूसरे को इस तरह से डिमारेलाइज करने की इजाजत किसी भी सूरत में नहीं दी जा सकती है। आपको उसके खिलाफ मुकदमा करना पड़ेगा। जब तक ऐसा नहीं आप करेंगे तब तक अलीगढ़ में शांति नहीं होगी। अखबारों ने तो यहां तक लिखा है कि वह पागल है उसको पागलखाने में भेजा जाये। अगर शासन उसके खिलाफ कार्यवाही नहीं करता तो जनता स्वयं उसके खिलाफ कार्यवाही करेगी। यह किसी कम्युनिटी का झगड़ा नहीं है, बल्कि एक छोटी सी बात है जो हमेशा होती रही है।

[श्री राम प्रसाद देशमुख]

सी० आर० पी० से पूछिए, 6 बजे से करफ्यू लगाते हैं, यह हालत दो, तीन महीने से चल रही है, आप बताइये कि गरीब आदमी बेचारे कैसे पाखाना पेशाब करने जायें जिनके घर में इन बातों की कोई सुविधा नहीं है ? उन्हें पीने तक का पानी नहीं मिलता । कोई भी औरत अगर बाहर निकलती है तो उसके साथ बुरी तरह से व्यवहार करते हैं । सी० आर० पी० आज डंडे से काम लेती है । कल या परसों की ही बात है एक आदमी जा रहा था, देर हो गई तो सी० आर० पी० वाले उसके पीछे भागे और चिल्लाने लगे कि गोली मार दो । तो आज सी० आर० पी० भी वैसा ही अन्याय कर रही है जैसा कि पी० ए० सी० करती थी । दो, तीन महीने से करफ्यू लगे रहने की वजह से गरीबों की रोजी, रोटी छिन गई, वह बेचारे अलीगढ़ को छोड़ कर बाहर भाग रहे हैं। उत्तर प्रदेश में ऐसा लगता है कि कोई सरकार है ही नहीं । वहां की सरकार का यह हाल है कि कोई सुनता ही नहीं । एम० पी० जा कर कुछ कहता है तो मुख्य मंत्री उससे बात करने को तैयार नहीं हैं । इसीलिए इस तरह की बातें हो रही हैं, जो सर्वथा गलत है । आज अलीगढ़ में पुलिस का शासन है । शासन के निकम्मेपन के कारण शहरों में ही नहीं बल्कि, देहातों में रोजाना डकैतियां हो रही हैं, लोगों की जान माल की कोई सुरक्षा नहीं है । और यह सब इसी लिए हो रहा है कि उत्तर प्रदेश का शासन बिल्कुल बेकार है ।

आपने मुझे समय दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

श्री अहमद आज़री (अहमदाबाद) : डिप्टी स्पीकर साहब, यहां जिस ढंग से कम्युनल वायलेंस और फिरकेवाराना फिसादात के लिए जो निष्पक्ष और खुले दिल से बात कहनी चाहिए थी उस को न कहते हुए तमाम के तमाम इस तरह की बात करने लगे जिस से लोगों को विश्वास नहीं होता कि जो आज हुकूमत में हैं और जिन से पूरा मुल्क चाहता है कि इस जहरीले नासूर को किस तरह खत्म किया जाय, उस को खत्म कर सकेंगे । वह इस अंदाज से बात करते थे :

"न चेहरों पर गर्द गम है, न दिलों में गुबार है,
गांधी के कातिलों से तुम्हें कितना प्यार है ।"

हिन्दुस्तान के अन्दर एक हिन्दू राष्ट्र की बात करने वाले औरजिस तरह से अलीगढ़ में झगड़ा हुआ है उस पर सही रोशनी न डाल कर इधर उधर की बातें कह कर उस की अहमियत को कम कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह तमाम सियासी पार्टियों ने किया है । इस हिन्दुस्तान के अन्दर जो उम्मीद की नजर लगाए बैठे हैं जिन की जानमाल सलामत नहीं है, जो मासूम बच्चे मारे गये और घर उजाड़े गये हैं वह चिल्ला चिल्ला कर कहते हैं कि आखिर हिन्दुस्तान में जगह जगह ऐसे झगड़े क्यों होते हैं और इन की क्या वजह है । यह सिर्फ कह देना कि गुंडों ने किया है यह ठीक नहीं है । यह कह कर आप असली बात को छिपाना चाहते हैं और अपने चेहरे पर पड़े हुए काले नकाब से लोगों को झूठी बातें कहना चाहते हैं ।

मैं कहना चाहता हूं कि अलीगढ़ में जो रायट्स हुए वह एक आर्गेनाइज्ड तौर पर किये गये हैं । अगर आप इस को स्वीकार नहीं करते तो हिन्दुस्तान के अन्दर सैक्यूलर फिजा को आगे बढ़ाने और माइनारिटीज के दिलों में अमन चयन दिलाने में आप नाकाम होंगे । क्या आप नहीं जानते कि 8 अगस्त को अलीगढ़ के अन्दर मीटिंग बुलायी गयी जिस में आर० एस० एस० के मैम्बर भी मौजूद थे और जिसमें फैसला किया गया कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी बिल अगर आयेगा और जनता पार्टी वापस नहीं लेगी तो हम अलीगढ़ को दूसरा मराठावाड़ा बनायेंगे । यह खबरें अखबारों में छपी । आखिर वह कौन लोग थे जो वहां थे ? जिन 21 आदमियों की कमेटी ने उस शहर की गली गली में मीटिंगें की और कहा कि इस बिल को वापस लेना चाहिए, वे लोग कौन थे ? हिन्दुस्तान की परम्पराओं की बात हम जानते हैं । हमारी रगों में भी हिन्दुस्तानी खून है उन में भी जमना, ब्रह्मपुत्र और गंगा का पानी बहता है । यह मत कहिए कि हम हिन्दुस्तानी नहीं हैं । लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि वे मीटिंगें किसलिए की गई थीं और उस के बाद का पूरा सिलसिला क्या हुआ था । अगर आप ने इसको अपनी नजर के सामने नहीं रखा कि अखाड़े में पहलवानों की जो लड़ाई हुई, किन लोगों ने उस लड़ाई को तमाशा बनाया, कौन लोग थे, जो लाश को चौराहा अब्दुलकरीम में ले गये, तब तक आप किसी सही नतीजे पर नहीं पहुंच सकेंगे ।

वहां की सरकार की रिपोर्ट कहती है कि लाश चौराहा अब्दुलकरीम पर 5 बजे पहुंची और 5-10 बजे पी० ए० सी० ने मुहल्ला बनी इस्राइलान में सैकड़ों गोलियां चलाई । मानक चौक 5-30 बजे से चल रहा था, लेकिन पुलिस सुबह 4 बजे तक नहीं पहुंची, हालांकि सिर्फ एक फर्लांग का फासला था । यह किस बात की चुगली करता है, किस बात की गम्माजी करता है, किस बात की तरफ इशारा करता है ? मेरे दोस्तों ने कहा है इस में गुंडों का हाथ है ।

इन फसादात से किस को फायदा पहुंचता है । अगर आप के दिल में सफाई थी, तो आप को यह बात खुले अल्फाज में कहनी चाहिए थी । बदन कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है :—

"Communal tension does not spring up overnight. It is built up over a period of time, suckled on communal propaganda, nursed on communal incidents and fed on rumours, until men's hearts are filled with hatred and their thoughts turn to violence".

"The answer to this question becomes clear if we understand that RSS believes in a creed which is opposed to secularism. It loses all *locus standi* among people, if relations between various communities are harmonious. When cleavage

widens and tension is high this is the only organisation which stands to gain."

"This methodology provoking and organising riots can be analysed into the following aspects:

(a) Rousing communal feeling in the majority community by the propaganda that the Muslims are disloyal to the nation."

लेकिन आप उन को सर्टिफिकेट दे रहे हैं। आप बजाय यह कहने के कि वे यह गलत काम कर रहे हैं, हिन्दुस्तान की एकता और कौमी यकजहती के लिए यह जहर है, इसे दूर करना चाहिए, आप उन्हें सर्टिफिकेट दे रहे हैं। वहां पर 8 अगस्त, 1978 से ले कर 19 नवम्बर, 1978 तक क्या वाकयात हुए, इस की तरफ गवर्नमेंट ने कोई ध्यान नहीं दिया। मैं आप को बताना चाहता हूं कि उन के बड़े बुजुर्ग नेता क्या कहते हैं :—

"Sir, I would like to draw the attention of the House to a statement that the RSS Chief, Mr. Balasaheb Deoras, has made recently on 19th November, at Lucknow, where six Ministers of the U.P. Government were present. There he announced that the R.S.S. had decided to allow such Muslims and Christians as are ready to accept Indian culture and traditions, to join the R.S.S."

मैं पूछना चाहता हूं कि क्या हमारा कल्चर इंडियन नहीं है, क्या हमारी ट्रेडीशन्ज इंडियन नहीं हैं। इस तरह का जहरीला प्रोपैगन्डा एक आर्गनाइज्ड तरीके से इस मुल्क में चल रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि बच्चा अपनी मां के पेट से कोई ट्रेडीशन लेकर नहीं आता है। वह इस समाज और इस दुनिया में रहता है और यहां से सीखता है। श्री बालासाहब देवरस ने कहा है कि जब आप इंडियन कल्चर और इंडियन ट्रेडीशन्ज को एक्सेप्ट करेंगे, तब आप को आर0 एस0 एस0 में लिया जायेगा। यहां पर जो लोग बैठे हुए हैं, जिन के दिल में हिन्दुस्तान और उस की संस्कृति से मुहब्बत और उस की तरक्की की ख्वाहिश है, उन सब को इस मुल्क में हमारे खिलाफ जहर फैलाने वाले और हिन्दू राष्ट्र का ख्वाब देखने वालों के खिलाफ एक हो जाना चाहिए। उन्हें साफ तौर पर यह कहना चाहिए कि ये चन्द लोग इस मुल्क में जहर फैला कर और यहां की माइनारिटीज को डरा-धमका कर हिन्दू राष्ट्र कायम करना चाहते हैं। मैं यह पूछना चाहता हूं, क्या वजह है कि जहां पर मुस्लिम माइनारिटीज किसी भी तौर से किसी इंडस्ट्री के अन्दर आगे बढ़ती है वहीं राइट क्यों होता है? हमें मैवासी तौर पर कुचलने का यह प्लान इस पार्टी की तरफ से क्यों है? यह तमाम बातें एक सिलसिलेवार चली आ रही हैं, उस की क्या वजह है? अलीगढ़ के अन्दर ताला बनाने की इंडस्ट्री मुसलमानों के हाथ में है, वहां तूफान हुआ। बनारस के अन्दर साड़ियां बनाने का पूरा रोजगार मुसलमानों के हाथ में है, वहां तूफान हुआ। जबलपुर के अन्दर तम्बाकू का तमाम व्यापार मुसलमानों के हाथ में है, वहां तूफान हुआ। यह किस बात को जाहिर करता है? यह इस बात को जाहिर करता है कि एक मुनज्जिम तौर से यह पार्टी जो अपने आप को सेवा की संस्था कहती है, यह जहर फैला कर उन्हें कुचलना चाहती है। और मजबूर करना चाहती है। हिन्दुस्तान की आत्मा को तोड़ना चाहती है। और उन्हें इस हिन्दुस्तान की एकता से कौमी एकता से कुछ लेना देना नहीं है। तो मैं आप से कहना चाहता हूं कि यह एक बड़ा है और इसे फैलने देना नहीं चाहिए। उस मासूम बच्चे के हाथ में जो यहां पर आया था, उस आठ वर्ष के बच्चे के हाथ में मैं ने पोस्टर देखा, उस में यह लिखा था कि मुझे मत मारो, मैं हिन्दुस्तानी हूं। मैं पूछता हूं, नेताजी यहां नहीं हैं, वह मुझे बतायें कि यह क्या था अलीगढ़ का तूफान कि उस मासूम आठ वर्ष के बच्चे के हाथ में यह पोस्टर था जिस पर लिखा था कि मुझे मत मारो, मैं हिन्दुस्तानी हूं। यह जवाब पूरे हिन्दुस्तान को देना है।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री राज नारायण। आप वक्त का भी जरा ख्याल रखियेगा, 15 मिनट हैं।

श्री राज नारायण (रायबरेली): श्रीमती इंदिरा गांधी जितना बोली हैं उतना हमें बोलने दीजिये।

उपाध्यक्ष महोदय : नहीं, उस से हम को मतलब नहीं है। 15 मिनट से ज्यादा वक्त नहीं है।

श्री राज नारायण : मैं एक निवेदन पहले ही कर देना चाहता हूं कि अब तक जो हम ने यहां बहस सुनी, कहीं भी उस में हिन्दू मुस्लिम समस्या को सुलझाने का सुझाव नहीं आया। हम ने भूतपूर्व प्रधान मंत्री को सुना, वर्तमान प्रधान मंत्री को सुना। मुझे ऐसा लगा कि हमारा यहां बैठना व्यर्थ है।

अभी जो सज्जन यहां बोल रहे थे, एहसान जाफरी साहब, उन्हों ने एक बात सही कही है कि क्या हां पर कोई ऐसा भी तबका है जो हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहता है। या हिन्दू फेडरेशन कहता है? अगर ऐसा तबका है तो मैं गवर्नमेंट से कहता हूं कि गवर्नमेंट उस से मुसलमानों को छुटकारा कैसे दिलाएगी? मुसलमान सिख ईसाई इन लोगों की ऐसे लोगों से किस तरीके से हिफाजत होगी? मेरा एक सवाल यहां खड़ा है। मैं अनावश्यक बातें नहीं कहूंगा मगर मेरा एक सवाल है कि अगर अपने देश के अन्दर ऐसे तत्व मौजूद हैं जो यह कहते हैं कि हिन्दू एक राष्ट्र है तो मैं उन से पूछना चाहता हूं कि फिर मुसलमान क्या है? सिख क्या है? ईसाई क्या है? यह राष्ट्र है या एक राष्ट्र, मैं कई राष्ट्र हैं।

एक माननीय सदस्य : पारसी हैं, जैन हैं।

श्री राज नारायण : हां, और हैं। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि या तो उन्हें भाषा का ज्ञान नहीं है, शायद वह नेशनलिटीज और नेशन को एक समझते हैं। एक नेशन में कई नेशनालिटीज हो सकती हैं, मगर नेशन तो एक है। इसलिए पहले उन की निन्दा होनी चाहिए मुक्त कंठ से और सरकारी पक्ष से होनी चाहिए

[श्री राजनारायण]

जो लोग हिन्दू को नेशन कहते हैं। पहली बात यह हमारी है । इस बात को पहले समझ लें । प्रमाण देने के लिए हमारे पास बहुत पोथा रखा है लेकिन मैं दूंगा नहीं और मैं किसी का नाम भी नहीं लूंगा । अलीगढ़ में प्रधान मंत्री जी भी गए हैं, बहुत लोग गए हैं। जायं। केवल इतना ही हमारा निवेदन है कि अलीगढ़ जनता पार्टी जो नगर की है उस के प्रस्ताव को पढ़ लें, युवा जनता के प्रस्ताव को पढ़ लें। और उस प्रस्ताव को पढ़कर अपनी दृष्टि को शुद्ध कर लें ।

मूदहुं आंख कि बहु कुंई नाही ।

केवल आंख बन्द कर के सारी स्थिति को देखें कि कहीं कुछ नहीं है तो समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। इस सदन में असत्य बोलना, सत्य को छिपाना—इससे बड़ा करके दूसरा कोई पाप है नहीं। मैं तो रोज बोल ही रहा हूं इसलिये उसको बार बार रिपीट करने की क्या जरूरत है ? जब मेरी बात को दूसरे कहने लगे तो मैं उसको क्यों दोहराऊं ?

जहां तक हिन्दू मुसलमानों की समस्या के समाधान की बात है, मैं सफाई के साथ कहना चाहता हूं कि देश का बटवारा क्यों हुआ ? मैं चाहता हूं कि यहां जो नये लोग हैं या लोग हैं वे कांग्रेस के 14–15 जून, 1947 के प्रस्ताव की ओर दृष्टिपात करें। 14 जून, 1947 का प्रस्ताव है। कांग्रेस ने अपने जीवन काल से एक संयुक्त आजाद हिन्दुस्तान का सपना देखा और जिसको हासिल करने के लिए लाखों नर नारियों ने कष्ट झेले। दुनिया की कोई ताकत इसके आड़े आ नहीं सकती है। इसके बाद आप देखें कि इतिहास ने, पहाड़, नदी और समुद्र ने इसको एक बनाया और यह एक रहेगा। 3 जून के प्रस्ताव को मान लेने से, मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हमारे देश का कुछ हिस्सा हमसे अलग हो गया। फिर भी आखिर में मैं कहना चाहता हूं कि हमें यकीन है कि दो राष्ट्र का सिद्धांत अमान्य हो जायेगा परिस्थिति बदलने पर। दो राष्ट्र का सिद्धांत किसने माना ? क्यों माना ? दो राष्ट्र के सिद्धांत को मान कर ही बटवारा हुआ। इसको क्यों माना ? क्या वह जहनियत आज अपने मुल्क के कुछ लोगों में है या नहीं है ? यह मेरा दूसरा सवाल है। अगर वह जहनियत है तो सबसे बड़ी जिम्मेदारी उस तबके की है जिसका बहुमत है। मेरा अपना मत डिक्लेयर्ड है कि वह हिन्दू हिन्दू है बशर्ते कि उसके जिन्दा रहते, अगर एक मुसलमान की जिन्दगी जोखिम में पड़े तो वह अपनी जिन्दगी को जोखिम में डालकर उस मुसलमान की जिन्दगी को बचा ले। तभी वह हिन्दू है वरना उसको हिन्दू कहलाने का हक नहीं है। उसी तरह से मैं मुसलमानों से भी कहना चाहता हूं कि मुसलमान भी हिन्दू की जिन्दगी बचाने के लिए अपनी जिन्दगी को जोखिम में डालने के लिए तैयार रहें। क्या हमारे देश में कभी भी यह पढ़ाया गया है कि गांधी जी का हत्यारा हिन्दू था और लियाकत अली का हत्यारा मुसलमान था ? इसको क्यों नहीं पढ़ाते ? इसको पढ़ाना चाहिए। प्राइम मिनिस्टर बोलें, गृह मंत्री बोलें, स्वास्थ्य मंत्री बोलें और दूसरे मंत्री भी बोलें लेकिन कोई भी नहीं बोलता ।

एक दूसरी बात मैं और कहना चाहता हूं। (व्यवधान) आप हमको इतिहास मत पढ़ाइये, हमने बहुत पढ़ा है। 712 ई० में 700 मुसलमान मुहम्मद बिन कासिम की रहनुमाई में भारत आये। अगर देश का बटवारा नहीं होता तो आज इस देश में 25–28 करोड़ मुसलमान होते। क्या कोई ताकत है जो उनको हटा देगी या उनको कत्ल कर देगी ? क्या उनके लिए कोई दूसरा हिस्सा देगी? वह हिन्दू खराब दिमाग के हैं जो कहते हैं कि हिन्दुस्तान में मुसलमानों के लिए जगह नहीं है। मैं उनको हिन्दू नहीं मानता। हिन्दू की परिभाषा यह है कि जो दुष्टों का हनन करे वह हिन्दू है। इसी प्रकार से जो सलामत का अलमबरदार है वह मुसलमान है। हिन्दू का भी वही अर्थ है जो मुसलमान का है। इसलिए दोनों एक हो जायें और कायदे से भाई-भाई बनकर काम करें। यह कहना मुझे बड़ा खटकता है और मुझे अफसोस है...

श्री शरद यादव (जबलपुर) : इतिहास की बात बतलाइये ।

श्री राज नारायण : 1318 ईसवी में तैमूर लंग ने हिन्दुस्तान पर आक्रमण किया, उस समय यहां तुगलक वंश का राज था, दिल्ली की गद्दी पर मुसलमान था' लेकिन एक बाहर के लुटेरे हमलावर ने, जो खुद मुसलमान था, हमला किया और उस में 5 लाख जानें गईं, जिन में 3 लाख मुसलमान थे और 2 लाख हिन्दू थे।

1526 में बाबर का हमला हुआ, उस समय दिल्ली की गद्दी पर इब्राहीम लोधी था।

1739 में नादिर शाह ने हमला किया, उस समय दिल्ली की गद्दी पर मुगल बादशाह रंगीला था मुहम्मदशाह उस लड़ाई में ढाई लाख लोग मारे गए, जिन में डेढ़ लाख मुसलमान थे और एक लाख हिन्दू थे।

इस लिये भारत वर्ष के अन्दर हिन्दू और मुसलमानों में कोई फर्क न करो, फर्क करो तो देसी और विदेशी का फर्क करो। जैसे डा० जाकिर हुसैन साहब हमारे पूर्वज थे, हमारे पूर्वज थे, बड़े थे, मगर प्रेसिडेन्ट अयूब विदेशी था ।

एक माननीय सदस्य : कहां था ?

श्री राजनारायण : पाकिस्तान में था। जब तक भारत और पाकिस्तान एक नहीं हैं, उन का कोई कन्फेडरेशन नहीं है, तब तक पाकिस्तान एक अलग राष्ट्र है, लेकिन यदि दोनों एक हो जायें, तो फिर उन के लोग भी हमारे पुरखे हो जायेंगे। इसलिए मैं कहता हूं—फर्क करो तो देसी और विदेशी का करो। एक भारतवर्ष में रहने वाले हिन्दू और मुसलमानों का फर्क करने वाले सब से बड़े देश के शत्रु हैं, उनको दुश्मन नं० 1 माना जाना चाहिए ।

इसलिये मैं कहता हूं हिन्दुओ, जरा समझ लो। क्या हिन्दू ने हिन्दू पर हमला नहीं किया ? क्या रामायण काल में हमला नहीं हुआ ? क्या दशरथ की तीन बेगमों में से दो नहीं लड़ीं ? क्या महाभारत की लड़ाई हिन्दू-हिन्दू की लड़ाई नहीं थी ? इसलिये मैं कह

हूं—हिन्दू और मुसलमानों में झगड़ा पैदा मत करो, हिन्दू और मुसलमानों को एक जगह बैठाओ और प्रेम से एक साथ ले कर चलो । एक दूसरे पर दोषारोपण से काम नहीं चलेगा, इससे कुछ फायदा नहीं होगा, जो हुआ, वह हुआ, आगे के लिये सोचो ।

मैं आप को एक चीज पढ़ कर सुनाता हूं—नाम नहीं लूंगा—

"'.....and therefore the Hindu society was equanted and I certainly identify it with the nation."

अगर यह थ्योरी कोई मानता है, तो क्या वह हिन्दू और मुसलमानों से मुहब्बत करेगा, हिन्दू और मुसलमानों को एक जगह रखेगा, हिन्दू और मुसलमानों को एक राष्ट्रीयता देगा ? इसलिये मूल को पकड़ो, जड़ को पकड़ो, जड़ को तो पकड़ते नहीं हो, पत्ता हिलाते दौड़ते हो, इस से कोई फायदा नहीं है । मैं बड़े अदब के साथ अपील करना चाहता हूं—अपने से कि हम को सब से बड़ा दोषी अपने को मानना चाहिये । अलीगढ़ में हम ने क्या व्यवस्था की ? क्या हम ने पहले इतने दिनों तक करफ्यू किसी भी जिले में था ? मुझे कोई बतला दे—कहां था ? कहीं भी इतने दिनों तक करफ्यू नहीं था—मैं पूरी हिस्ट्री को जानता हूं ।

जब इन्दिरा जी बोल रही थीं, मुझे हंसी आ रही थी । मैं उन को क्या कहूं, मैं उन को जवाब नहीं देना चाहता, लेकिन सारी खुराफात तो कांग्रेस सरकार की है । जब हम अपनी गलतियों को नहीं छिपाते हैं, तो इन्दिरा जी और कांग्रेस के भाइयों की गलतियों को भी नहीं छिपायेंगे, क्योंकि यदि उन की गलतियों को नहीं पकड़ेंगे तो हम अपने को शुद्ध नहीं कर पायेंगे । पिछले 30 वर्षों में क्या हुआ ? 1952 के चुनाव के पहले 1951 में अलीगढ़ में हिन्दू और मुसलमानों के बीच झगड़ा कराया गया । 1957 के चुनाव के पहले 1956 में अलीगढ़ में हिन्दू और मुसलमानों के बीच दंगा कराया गया । 1962 के चुनाव के पहले अलीगढ़ में हिन्दू और मुसलमानों के बीच दंगा कराया गया । 1961 की 2 अक्तूबर को जब पं० जवाहर लाल नेहरू नेशनल इन्टीग्रेशन डे मना रहे थे, उस समय सरकार की ओर से अलीगढ़ में हिन्दू और मुसलमानों के बीच झगड़ा कराया जा रहा था । क्या करते हैं— चुनाव में मुसलमानों के बीच मुसलमानों की वोट हासिल करने के लिये पुलिस को कहते हैं कि मस्जिद की दो ईंटें निकाल दो, दो ईंटें निकाल देने से झगड़ा हो जायगा, उस के बाद कुछ चापर-गट्टू मुसलमानों को बुला कर कहेंगे कि यह पैसा लो और जा कर उस को ठीक करा दो और फिर मुसलमानों के बीच में जा कर यह कहो कि यह कांग्रेस पार्टी ही है जो मुसलमानों की रक्षा कर रही है । एक ऐसी स्थिति कांग्रेस ने पैदा कर दी जिससे हालात बद से बदतर होते चले गए और होते चले जा रहे हैं, लेकिन जनता पार्टी की बुनियाद गैर-कांग्रेसवाद है । गैर-कांग्रेसवाद में दंगा हिन्दू और मुसलमान का होना ही नहीं चाहिये । यह हमारे लिए एक कलंक की बात है, शर्म की बात है, लज्जा की बात है, हमें डूब मरना चाहिये न कि हम छाती फुला कर कहें और दोष लगाएं । यह बिल्कुल गलत बात है । घर मंत्री बैठे हुए हैं—

एक माननीय सदस्य : गृह मंत्री ।

श्री राज नारायण : गृह से घर बड़ा होता है और देशी भी है, भारतीय शब्द भी है । घर मंत्री जी को आप पूछें कि यह गए थे अलीगढ़ ? यह कहा जा रहा है कि इंदिरा गांधी जी से पूछा जाए । मैं उन से बोलना नहीं चाहता था । मैं उनको टोकना नहीं चाहता था क्योंकि उनकी चिकमंगलूर से जीत जाने के बाद यह पहली स्पीच थी । वह कहती हैं कि मैं अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर रुकी थी और वहां पर सब से मैंने मुलाकात की थी । उनको शर्म आनी चाहिये । वह वहां पर रुकी क्यों थी ? उस मुहल्ले में क्यों नहीं गई जहां दंगा हुआ था ? उन लोगों से क्यों नहीं पूछा जहां पर लोगों पर आफत आई थी, मुसीबत आई थी । उन से पूछा होता, वहां गई होतीं तब उनको पता चलता कि कितनी बड़ी मुसीबत उन लोगों पर आई । इस मुसीबत में इंदिरा जी का हाथ था, यह मैं आज कहने के लिए तैयार हूं । कलैक्टर को सब से पहले किस ने घेरा ? इंदिरा गांधी के दो ढाई सौ युवा कांग्रेसियों ने, चीनी प्रसाद लज्जत । युवा कांग्रेस के लोगों ने । उन्होंने उनको घेर कर सब से पहले यह मांग की कि हमारे जो लोग गिरफ्तार हैं उनको छोड़ो । सारी खुराफात की जड़, झगड़े की जड़ उन्होंने शुरू कर दी । मैं उनको कहना चाहता हूं कि अपनी चीज को दूसरी तरह से लपेटने से कोई लाभ नहीं है । अगर इस में और आर एस एस का भी हाथ है तो उसको भी देख लिया जाना चाहिये । आर एस एस से हमारा गठबंधन नहीं है । हमारी जनता पार्टी में आर एस एस नहीं है । आर एस एस एक कल्चरल आर्गेनाइजेशन है, सांस्कृतिक संगठन है, सांस्कृतिक क्रान्ति कर रहा है । उसको सांस्कृतिक क्रान्ति करने दो । हमारी जनता पार्टी में है, बी ऐल डी, संगठन कांग्रेस, जन संघ स्वतंत्र पार्टी वगैरा वगैरा । सोशलिस्ट पार्टी भी है । सी एफ डी बाद में आई है और वह भी जनता पार्टी में है । व, जनता पार्टी के बनने के बाद अस्तित्व में आई । वह भी हमारी पार्टी में है । क्यों आर एस ऐस का नाम लेते हो । आर एस एस जनता पार्टी में नहीं है । मेरा कहना यह है कि हर मुसलमान को राम और कृष्ण की इज्जत करनी चाहिये और हर हिन्दू को पैगम्बर की इज्जत करनी चाहिये, हर हिन्दू को ईद पर खुशी मनानी चाहियें और हर मुसलमान को होली और दशहरे पर खुशी मनानी चाहिये । उसी तरह से हिन्दू और मुसलमानों को मिल कर रहना चाहिये । पहले जब डा० राम मनोहर लोहिया जिन्दा थे तो राखी बांधा करते थे । बड़े बड़े जश्न करते थे । हिन्दू जाते थे और मुसलमानों की रक्षा के लिए राखी बांधा करते थे और मुसलमान हिन्दुओं की रक्षा की राखी बांधा करते थे और कहते थे कि मेरे जीते जी तुम्हारी जिन्दगी और इज्जत पर कोई खतरा नहीं आएगा । यह विश्वास आज हिन्दुओं को मुसलमानों को देना चाहिये क्योंकि हिन्दू बहुमत में है । इसलिए उनकी ज्यादा जिम्मेदारी है । उनकी तादाद ज्यादा है । वे अपनी जिम्मेदारी को समझें और समझ कर जो यथास्थिति उसकी कोशिश करें कि वह बनी रहे । यह जो बेकार का दिमाग का कीड़ है इसको निकाल देना चाहिए । गीता मुसलम पढ़ें, उपनिषद्

[श्री राज नारायण]

मुसलमान पढ़ें, कुरान हिन्दू पढ़ें। मैं दो चीजें कह रहा था कि भागवत पढ़ो। उसमें लिखा है कि—

"यावद्भ्रीएव जठरेन, तावत स्वयं देहिनाम्"

भागवत कहती है कि मनुष्य की जठराग्नि की तृप्ति के लिये जितनी आवश्यकता है वही तुम्हारा स्व है। अगर उससे ज्यादा रखता है तो वह चोर है और उसको वही सजा हो जो चोर को होती है। और पैगम्बर ने क्या कहा है कि "ऐ इन्सान तू अपने दीन पर चल, तेरा कोई पड़ोसी भी भूखा न रहे, अपने पास खाने से ज्यादा अनाज न रख"। दोनों का मतलब एक ही है। शराब खुला मुसलमानों के लिये हराम है। मैं तो इसीलिये मुसलमानों से पूछता हूं कि अंग्रेजी राज्य में उत्तर प्रदेश में तीन लाख गैलन शराब बनती थी और इन्दिरा गांधी जी के राज्य में 20 लाख गैलन बनने लगी। ऐसा क्यों? एक आध घंटे की बहस में इस पर कुछ नहीं होगा, और मान्यवर, चूंकि आप भी घंटी बजा रहे हैं इसलिये मैं अधिक न कह कर आपका शुक्रगुजार हूं कि कम से कम आपने हमें बुला तो लिया यद्यपि फैंग ऐंड मैं बुलाया।

श्री डी० जी० गवई (बुलढ़ाना) : उपाध्यक्ष महोदय, साम्प्रदायिक दंगों के बारे में बोलने का जो आपने अवसर दिया है इसके लिये मैं आपका आभारी हूं। कल से मैं सुन रहा हूं कि जनता पार्टी वाले कांग्रेस पार्टी पर आरोप करते हैं कि जो दंगे होते हैं साम्प्रदायिक वह कांग्रेस की तरफ से होते हैं और उधर के लोग जब बोलते हैं तो वह कहते हैं कि आर०एस०एस० की तरफ से जनसंघियों की तरफ से, जनता पार्टी की तरफ से दंगे होते हैं। तो मैं इन दोनों बातों को बेकार मानता हूं, इसमें कोई अर्थ नहीं है कि एक दूसरे पर कीचड़ उछाली जाय। आपका तो खेल हो जाता है लेकिन मुर्गे की जान जाती है और खाने वाले को मजा आता है। दोनों पार्टियां अल्पसंख्यकों को मुर्गा बना रही हैं, यह ठीक नहीं है।

मैं इस समस्या की बुनियाद की तरफ जाना चाहता हूं। क्या आज ही इस देश में साम्प्रदायिक दंगे हो रहे हैं? नहीं। कांग्रेस के समय में भी हुए और जनता पार्टी जब सत्ता में आयी तब भी साम्प्रदायिक दंगे हो रहे हैं। मैं किसी धर्म पर लांछन नहीं लगाऊंगा, लेकिन यह जो दंगे हो रहे हैं इसका कारण हजारों साल से चली आ रही धर्म नीति है। इस देश के जो ग्रन्थ थे, मनुस्मृति है, जैसा राज नारायण जी ने उदाहरण दिया गीता न, कुरान ने यह कहा है, लेकिन मैं कहता हूं कि यह संस्कृति जो है जिसमें अंधश्रद्धा है उसी से मनुष्य जीवन का अधोपतन होता है और देश के जीवन का भी अधोपतन होता है। अगर हम इस देश में प्रजातांत्रिक प्रणाली को जीवित रखना चाहते हैं, अगर हम इस देश का स्वाभिमान बढ़ाना चाहते हैं, तो फिर इस देश के शरीर में जो रोग और बीमारियां हैं, उनका सही तरीके से डायगनोसिस और इनवेस्टीगेशन होना चाहिए। इसमें प्रान्तीयता, भाषावाद और जात-पांत की बीमारियां हैं। हम यहां एक हिन्दू राष्ट्र बनायेंगे, यह कहने की भी एक बीमारी है। इन सब बीमारियों से इस देश का शरीर छिन्न-भिन्न हो गया है और हमें डर है कि न मालूम इस देश के शरीर का कब अंत हो जायेगा।

मैं कहना चाहता हूं कि इस देश में 60 करोड़ हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, क्रिश्चियन, बौद्ध और हरिजन वगैरह हैं। हिन्दू राष्ट्र का नारा लगाने वालों को मैं बताना चाहता हूं कि इन 60 करोड़ में से 17 करोड़ हरिजन, बौद्ध और आदिवासी हैं, जिन पर आज भी अन्याय और अत्याचार हो रहा है, करीब 7 करोड़ मुसलमान हैं, 6 करोड़ ईसाई हैं—मेरे आंकड़े गलत भी हो सकते हैं— 2 करोड़ पारसी वगैरह हैं, 3 करोड़ जैनी हैं और 1½ करोड़ बोहरा समाज के लोग हैं। ये सब मिला कर लगभग 40 करोड़ हैं। तो हिन्दू कितने रह गये?—20 करोड़ हिन्दू रह गये तो 20 करोड़ लोगों को हिन्दू राष्ट्र की बात कहने का क्या अधिकार है? वे तो माइनारिटी में हैं। उन्हें यह कहने का कोई राइट नहीं है कि हम हिन्दू राष्ट्र बनायेंगे।

अलीगढ़ में मुसलमानों के घर जलाये गये, उन्हें जान से मारा गया, छोटे छोटे-बच्चों को मारा गया। मैं परसों वहां हो कर आया हूं। मैं ने वहां के मारे दंगाग्रस्त क्षेत्रों को देखा है। यह केवल अलीगढ़ में ही नहीं हुआ है। यह सारे देश में होता है—महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में होता है।

यह होता क्यों है? क्या मुसलमानों के गीता पढ़ने से यह कम हो जायेगा? क्या हिन्दुओं के कुरान पढ़ने से यह कम हो जायेगा? क्या बकरी मटन खाने लगेगी और शेर घास खाने लगेगा? श्री राज नारायण कैसी बात कहते हैं—यह शेर को कहते हैं कि घास खाओ और बकरी को कहते हैं कि मटन खाओ। उन्होंने कहा है कि कुरान और गीता पढ़ो। इस देश के लिए यह बड़े कलंक की बात है, बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि इस देश में आज भी अल्पसंख्यक लोगों के जानमाल की कोई गारंटी नहीं है।

मैं यह नहीं कहता कि जनता सरकार के आने के बाद ये घटनायें बढ़ी हैं। जब इन्दिरा कांग्रेस का राज था, तो मराठवाड़ा में चार हरिजन महिलाओं को नंगा कर के सारे गांव में घुमाया गया। महाराष्ट्र के अकोला डिस्ट्रिक्ट में दो हरिजनों की आंखें निकाल दी गईं। मरी तरह उनका नाम भी गवई था। हम ने श्रीमती इन्दिरा गांधी को बताया कि उनके राज्य में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हरिजनों की आंखें निकाल दीं।

17 hrs.

मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता हूं। अगर इस बारे में ठीक ढंग से और बुनियादी तौर पर सोचना है, तो वे सारे झगड़े खत्म करने के लिए कोई नया रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा, कोई नया सोल्यूशन निकालना पड़ेगा।

एस० के नाम से देश की सब छोटी छोटी चीजें डरती हैं। मैं भी एक छोटी चीज का हूं इस लिए मैं भी डरता हूं। जो आर० एस० एस० वाले ग्रामों में रहते हैं, अगर कोई हरिजन उनके यहां चाय पीने के लिए आवे, तो वे उसको थाली में चाय देते हैं।

और अगर उस हरिजन ने ... (व्यवधान) .. जरा सुन लीजिए। सुनने में क्या तकलीफ है आप को। अलीगढ़ पर बोल रहा हूं। अलीगढ़ की बात भी इस सम्बन्ध में है। जो खुद को हिन्दू समझते हैं उन के दिलों में दूसरे लोगों के लिए क्या चीज है यह मैं बता रहा हूं।

वह चाय तो नहीं पीते, अगर किसी हरिजन ने बुलाया चाय पीने को तो बोलते हैं कि नहीं, चाय तो हम नहीं पीते। लेकिन वह गन्दी शराब गिराएगा गुड़ से, महुवे से और अपनी झोपड़ी में रखेगा तो ये लोग जाते हैं और बोलते हैं कि भाई, तेरे पास शराब है क्या? वह बोलता है कि है, बड़ी अच्छी है। पूछते हैं—अच्छी है न? वह कहता है कि बहुत अच्छी है। तो कहते हैं कि टेस्ट लेने को कुछ है? वह बोलता है, मेरे यहां तो कोई बर्तन नहीं है, वह संडास जाने का टिन पाट रखा है। तो उन्हें संडास जाने के टिन पाट में लेकर टेस्ट करने में कोई डर नहीं लगता है।

जाति पांति धर्म कुछ उस समय उन्हें याद नहीं आता है। मैं कहता हूं कि वह दूध नहीं चलता, चाय नहीं चलती तो गन्दी शराब और वह भी संडास जाने के टिन पाट में चलती है? तो यह जो साइकोलाजिकल डिप्रेशन तुम्हारे अन्दर है वह निकाल देना चाहिए और यह भावना लानी चाहिए कि हम सारे एक हैं, हम हिन्दुस्तानी हैं।

अब अलीगढ़ की तरफ मैं आता हूं। अभी अलीगढ़ के एम० पी० ने भी सारा मामला बता दिया। वह टंडन साहब की तरफ से बिगड़ गया। लेकिन मैं यह कहता हूं कि वहां एक चन्द्रा टाकीज है, चन्द्र नाम के आदमी की जो अनएथोराइज्ड है। उसको कोई परमिशन नहीं मिली है उसको बनाने के लिए। लोगों ने कम्प्लेंट की कि यह अनएथोराइज्ड बन रहा है। वहां मोहमडन की और हरिजन बस्ती की जगह है। सरकार ने कोई उस की सुनवाई नहीं की। वह जबर्दस्त है और जनता पार्टी का वर्कर है। मोरार जी भाई ने भी कहा था कि यह टाकीज अनएथोराइज्ड बन रहा है, इस को तोड़ देना चाहिए। लेकिन किसी ने नहीं तोड़ा और झगड़ा उस टाइम से वहां पर बढ़ने लगा। सुंडों को उन लोगों ने संभालना शुरू किया। टाकीज वालों ने भी सुंडों को अपने साथ में रखा और एक पहलवान को उस में जान गई। उससे दंगा बढ़ा।

दूसरी एक बात मैं कहना चाहता हूं। इस दंगे का रूप दो तरह के हैं। वहां इस में जाट कांग्रेस वाले दोषी हैं वहां अगर उस पक्ष वाले भी दोषी हैं क्योंकि वहां के राही नाम के एक जनता पार्टी के सदस्य हैं, उन के वहां 22 तारीख को एक ट्रक भर कर आदमी आए थे और लाठियां लायी गई। उन्होंने जा कर राही जी के वहां खाना खाया और खाना खाने के बाद फिर मुसलमानों के घर जलाना शुरू कर दिया, लोलीवारी शुरू हो गई और आगजनी शुरू हो गई। उस को रोकने में पुलिस असमर्थ रही। वहां बागला नाम के जो कलेक्टर थे उन्होंने टंडन जी को कहा था कि आप कर्फ्यू वह हटाइए, कर्फ्यू हटाने से बहुत लोगों की जानें जाएंगी इसलिए आप इस को जारी रखिए। उन्होंने कहा कि तुम चमार मेरे को क्या सिखाते हो कि प्रशासन व्यवस्था कैसे रखनी चाहिए? कर्फ्यू हटा देना चाहिए। तो उसने कर्फ्यू हटा दिया और रात के नौ बजे तक उस के ऊपर कोई अमल नहीं हुआ। उस टाइम में वहां पर बहुत बड़ा दंगा और झगड़ा हो गया। इतना ही नहीं, उस ने यह कहा कि सन् 67 में मैं दिल्ली में था, वहां गऊ हत्याबन्दी का आन्दोलन चला था तो हम ने कई सौ लोगों को गोलियों से भून डाला। तुम मुझे क्या समझते हो? मैं टण्डन हूं, मैं कोई ऐसा वैसा आदमी नहीं हूं। लेकिन इस सरकार में ऐसी लाचारी बतायी है... (व्यवधान) बागला को हटाया, बागला का तो ट्रांसफर कर दिया। प्रधान मंत्री भी बोले कि यह बात कलंक-पूर्ण है, लज्जास्पद है, इस का साक्ष्यूशन होना चाहिए, विचार होना चाहिए, लेकिन आप चुप क्यों बैठे रहे? मुझे इसलिए वह गाना याद आता है, सदन वालों से यह कहने का अवसर आ गया है हमारी किस्मत में कि क्या करूं मां, मुझे बुड्ढा मिल गया। हमारे प्रधान मंत्री की बहुत उम्र हो गई है ... (व्यवधान) ...

मैं सिकन्दर बख्त साहब से पूछना चाहता हूं कि वह अलीगढ़ जा कर आए क्या? अभी उन्होंने इतनी बड़ी तकरीर की उर्दू में लेकिन वह अलीगढ़ हो कर आए क्या, अपने मुसलमान भाइयों से पूछा क्या कि क्या हो गया था? .... (व्यवधान) ...

उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि इस झगड़े से बचने के लिए, इस साम्प्रदायिक दंगों से बचने के लिए राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीय प्रेम, देश की अखण्डता की भावना का होना तथा प्रजातांत्रिक प्रणाली का मजबूत होना आवश्यक है। इस देश के सारे हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई—सभी को दुनिया में इस देश का नाम बढ़ाने के लिए एक हो जाना चाहिए कोई भी किसी दूसरे पर किसी प्रकार का कोई जुल्म न करे। —यही मेरी आपके द्वारा सभी से प्रार्थना है। इतना ही कह कर मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री नानाजी देशमुख (बलरामपुर): उपाध्यक्ष महोदय, अलीगढ़ दंगे को लेकर इस सदन में विचार विनिमय हो रहा है। अलीगढ़ का दंगा हो, बनारस का हो, सम्भल का हो या मुरादाबाद में किसी मुसिबत का हो— यह सभी दंगे हमारे लिए लज्जा का कारण हैं। यह दंगे हमारी जिम्मेदारी पर एक चिन्ह के कलंक हैं। हमें सोचना होगा इन दंगों के सिलसिले में। यद्यपि यह बहुत पुराने हैं,

[श्री नानाजी देशमुख]

अंग्रेजों के काल से चल पड़े हैं, कांग्रेस के जमाने में भी चलते रहे और अभी जनता पार्टी के जमाने में भी रुके नहीं हैं। हमें देखना होगा कि हिन्दुस्तान में कभी दंगा होने ही न पाये। इनसान इनसान पर हमला करे---यह इनसानियत पर कलंक है, यह असभ्यता का लक्षण है और इसको मिटाये बिना संतोष कर लेना सूखता है।

इसीलिए मैं कुछ बातें आपके सामने रखना चाहता हूं। जो दंगे होते आ रहे हैं उन दंगों को रोकने का काम सरकार का माना जाता रहा है और सरकार पुलिस के द्वारा दंगों को रोकती आई है---फिर चाहे वह पी० ए० सी० हो, सी० आर० पी० हो या प्राविशियल पुलिस हो। हो सकता है कि दंगों को तात्कालिक रोकने का काम पुलिस के द्वारा कर लें लेकिन दंगे कभी न होने पायें--- इसका इंतजाम पुलिस नहीं कर सकती है। इसका इंतजाम हम लोगों को करना होगा जो कि इस सदन में बैठे हुए हैं। हम यहां पर एक एक मिनट जो बोलते हैं उस पर कितना खर्चा होता है और वह खर्चा गरीब लोगों से टैक्स के रूप में आता है। हम 65 करोड़ लोगों के प्रतिनिधि यहां पर हैं, हम किसी मजहब के हों, किसी पार्टी के हों--- इस नाते इस दंगे के मसले को मत देखें। इस नाते हम इस मसले को देखें कि हम हिन्दुस्तान के बाशिन्दे हैं, इस देश के नागरिक हैं और हम सभी मिल कर इस देश से इस कलंक को मिटा कर छोड़ेंगे। यह कैसे होगा ? यह मिट सकता है लेकिन पुलिस के द्वारा नहीं और प्यूनिटिव टैक्स के द्वारा भी नहीं। एक अफसर को गलत कहा, दूसरे अफसर को ठीक कहा---इससे भी यह कलंक नहीं मिटेगा। यह कलंक मिट सकती है अगर आप और हम सभी मिल कर काम करें तो। लेकिन अभी तक वह हुआ नहीं। एक दूसरे पर दोष दिया जाता है लेकिन एक दूसरे को गाली देने से यह दंगे मिटेंगे नहीं। इन दंगों के शिकार होते हैं गरीब लोग जिनके पास कुछ नहीं होता है। मैं आप सभी से प्रार्थना करता हूं जैसे मैं हूं, मैंने अपना तरीका रचनात्मक ढंग से काम करने का अपनाया हुआ है। इस वक्त मोहर्रम का सिलसिला चल रहा है, जैसे ही यह खत्म होगा, मैं खुद अलीगढ़ जा कर जिन गरीबों के घर बरबाद हुए हैं, जिन गरीबों की दुकानें बरबाद हो गई हैं, वहां के ही लोगों से पैसा और चन्दा इकट्ठा कर के, उन के घर बनवाऊंगा, उन की दुकानें ठीक कराने का काम करूंगा। जो भी भाई आना चाहते हैं, वह मेरे साथ आयें, चाहे कांग्रेस के हों कम्यूनिस्ट हों, हिन्दू हों, मुसलमान हों, ईसाई हों, हम में कोई फर्क नहीं है, हम सब एक हैं,। हम कोई भी हों, असल में हम सब एक हैं, एक खानदान के हैं, इस हिन्दुस्तान के हैं, इस के लिए ही जीना है, इसके लिए ही मरना है और अगर हिन्दुस्तान में इन्सानियत की कोई मुखालफत करता है तो हम उस को कलंक मान कर उसे समझा बुझा कर ठीक करेंगे।

आज बहुत सी बातों को दोष दिया जा रहा है---आर० एस० एस० का नाम लिया जा रहा है, लेकिन मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि ये दंगे होते क्यों हैं ? हम को पता है कि संविधान निर्माताओं ने हम को ऐसा संविधान दिया जिस में बालिग मताधिकार मिला है, हर एक, पढ़ा हो या बे-पढ़ा हो, लेकिन 21 साल या उस से ज्यादा उम्र का हर एक मर्द और औरत मतदाता है....

एक माननीय सदस्य : अब तो उम्र 18 हो गई है।

श्री नानाजी देशमुख : शायद होने वाली है। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि हम जो चुन कर आये हैं---यह कोई नहीं कह सकता है कि मैं मुसलमानों की बदौलत चुन कर आय हूं या हिन्दुओं की बदोलत चुन कर आया हूं या ब्राह्मण के वोट से चुन कर आया हूं या चमार के वोट से चुन कर आया हूं---जो भी चुन कर यहां आया है, सब के वोटों से चुन कर आया है, यह हो सकता है कि किसी के कम मिले हों या किसी के ज्यादा मिले हों, लेकिन हम यहां पर सभी नुमाइन्दगी कर रहे हैं। इसलिए हम को ध्यान रखना होगा---इस लोक सभा में बहस करते समय---कि हम ऐसा निष्कर्ष निकालें, हम मिल कर ऐसा रास्ता अपनायें जिस से अब आगे दंगे न हों। जहां कहीं भी दंगे होंगे--- हम लोगों को वहां जा कर जो उस के शिकार होंगे, सब से पहले उन को बसाने का काम करना होगा और वहां के लोगों का सहयोग ले कर, हिन्दू-मुसलमान सब का सहयोग ले कर इस काम को करना होगा, ऐसा किये बिना ये दंगे नहीं रुक सकेंगे।

हमारे राजनीतिक लोगों को भी थोड़ा ध्यान रखना होगा। आप देखिए---जब एडल्ट फ्रैन्चाइज शेरू हुआ उस के आधार पर सब से पहले 1952 के चुनाव हुए। उस समय आप ने क्या देखा--- उस समय मुसलमानों के गिरोह में एक आतंक पैदा करने का काम शुरू किया गया। आप उस समय के सारे अखबार निकाल कर देखिए---पं० नेहरू से लेकर मामूली से मामूली कांग्रेसी नेताओं के बयान देखिए---"देखो, मुसलमानों, यह जनसंघ तुम्हें खा जायेगा, तुम्हें हिन्दुस्तान से निकाल कर बाहर कर देगा, इन से बचो।" क्यों मुसलमानों से ऐसा कहा गया ? ईसाइयों से क्यों, नहीं हा गया पारसियों से क्यों नहीं कहा गया ? क्योंकि मुसलमानों का ब्लाक-वोट दिखलाई देता था। ये लोग नहीं चाहते थे कि हिन्दू और मुसलमान एक हो जायें, यदि ये एक हो गये तो फिर कांग्रेस की हुकूमत नहीं रहेगी, इसी लिए ऐसी फ़िजा पैदा करने की कोशिश की गई। दूसरे को कम्यूनल कहना और अपने को सैक्यूलर कहना, लेकिन काम कहा-घृणित और साम्प्रदायिक ढंग से करना---यह सब से गलत काम कांग्रेस ने 30 साल तक किया। मैं पूछना चाहता हूं---जनसंघ के प्रति मुसलमानों के दिलों में डर पैदा करना, हिन्दुस्तान के नागरिकों के दिलों में डर पैदा करना---क्या यह ठीक काम है ?

मैं फिर पूछना चाहता हूं—हिन्दुस्तान की सीमा के अन्दर लड़ाई हुई—उस समय क्या हुआ ? सीमा से घुसपैठिया, उस समय आर० एस० एस० के लोगों की शान में नारबाजी क्या। 1962 के साल 26 जनवरी को खुद पंडित जी ने आर० एस० एस० के लोगों से कहा कि आप भी परेड में आइये—क्या उस समय आर० एस० एस० कम्युनल नहीं था ? 1965 में पाकिस्तान के साथ लड़ाई हुई। यदि सचमुच आर० एस० एस० के लोग मुसलमानों के खिलाफ होते, तो क्या देश में शान्ति रह सकती थी ? उस समय श्री लाल बहादुर शास्त्री भारत के प्रधान मंत्री थे, उस समय उन्होंने, कांग्रेस के मंत्री मंडल में, आर० एस०एस० के लोगों से कह कर दिल्ली में ट्रैफिक पुलिस का काम 12 दिनों तक आर० एस० एस० से कराया और कहीं कोई गड़बड़ नहीं हुई। उसी प्रकार जब इन्दिरा जी प्रधान मंत्री थीं, उस समय के युद्ध के समय आर० एस० एस० के स्वयं-सेवक अटल बिहारी वाजपेयी को कह कर सेना के सामने और दूसरी जगहों पर उनके भाषण कराये, क्या उस समय वह कम्युनल नहीं था ?

